# M.A. Previous Degree Examinations
## August/September 2009
## Directorate of Correspondence Course
## (Freshers)

## HINDI LANGUAGE
## Paper - I : Aadhunik Hindi Kavitha
## आधुनिक हिन्दी कविता

Time: 3 Hours

Max. Marks: 80

I. सूचना निम्न लिखित में से किन्हीं <u>तीन</u> पद्यांशों की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए :-

1) "स्वामी सहित सीता ने
नंदन माना सघन-गहन कानन भी,
बन ऊर्मिला वधू ने
किया उन्हीं के हितार्थ निज उपवन भी।'''

2) "चिर - किशोर वय, नित्यविलासी-सुरभित जिससे रहा दिगंत
आज तिरोहित हुआ कहाँ वह मधु से पूर्ण अनंत वसंत ?
कुसुमित कुंजों में वे पुलकित प्रेमालिंगन हुए विलीन,
मौन हुई हैं मूर्छित तानें और न सुन पडती अब बीन।"

3) अस्तु मैं उपार्जन को असम
कर नहीं सका पोषण उत्तम
कुछ दिन को, जब तू रही साथ,
अपने गौरव से झुका माथ।
पुत्री भी पिता गेह में स्थिर
छोडने के प्रथम जीर्ण अजिर।

4) नौका से उठतीं जल हिलोर,
हिल पडते नभ के ओर छोर !
विस्फारित नयनों से निश्चल कुछ खोज रहे चल तारक दल
ज्योति कर नभ का अंतस्तल
जिनके लघु दीपों को चंचल की ओट किए अविरल
फिरतीं लहरें लुक-छिप पल-पल !

5) द्वीप हैं हम।
यह नहीं है शाप। यह अपनी नियति है।
हम नदी पुत्र हैं। बैठे नदी के क्रोड में।
वह बृहद भूखंड से हमको मिलाती है।
और वह भूखंड अपना पितर है।

II. किन्हीं <u>पांच</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

1) साकेत की काव्यगत विशेषताओं को बताते हुए उसकी वस्तु का विश्लेषण कीजिए ।

2) साकेत के आधार पर ऊर्मिला का चरित्रांकन कीजिए ।

3) कामायनी के महाकाव्यत्व पर एक लेख लिखिए ।

4) निराला की 'राम की शान्तिपूजा' की वस्तु पर प्रकाश डालते हुए उसकी प्रासंगिकता का अंकन कीजिए ।

5) पठित काव्यों के आधार पर पंत की काव्य साधना का परिचय दीजिए ।

6) अज्ञेय की काव्य साधना का परिचय देते हुए 'असाध्य वीणा' पर एक लेख लिखिए ।

7) कामायनी की श्रृद्धा का चरित्रांकन कीजिए ।

8) निराला की कविता 'वह तोडती पत्थर' की समीक्षा कीजिए ।

* * *

# Final Year M.A. (Previous) Degree Examinations
## August/September 2009
## Directorate of Correspondence Course
## (Freshers)

## HINDI LANGUAGE
### Paper - II : Hindi Ki Gadyya Vidhayen
### हिन्दी की गद्य विधायें

Time: 3 Hours | Max. Marks: 80

I. किन्हीं <u>तीन</u> प्रसंगों की व्याख्या कीजिए :- **3x10=30**

1) "समाज में रहकर मान-मर्यादा का भाव हम छोड नहीं सकते । अतः इस सामर्थ्य का अभाव हमें रवटक सकता है । उसकी हमें ग्लानि हो सकती है ।

2) "आनंदपूर्ण प्रयल या उसकी उत्कंठा में ही उत्साह का दर्शन होता है, केवल कष्ट सहने के निष्चेष्ट साहस में नहीं ।"

3) हाय बापरे ! मुझे बेकसूर ही फांसी देते हैं, अरे भाइयों, कुछ तो धरम विचारो, अरे मुझ गरीब को फांसी देकर तुम लोगों का क्या लाभ होगा । अरे मुझे छोड दो, हाय ! हाय !

4) "यही .... यही कि मेरे पिता अन्धे क्यों हुए ? नहीं तो, नहीं तो ।"

5) "शव में ही विषदंश करो ! तक्षक तेरी मर्यादा निभ जायगी पूरा कर लो ऋषि पुत्र का शाप !"

II. निम्न में से किन्हीं <u>पांच</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- **5x10=50**

1) चिंतामणि के निबन्धों की वस्तु की चर्चा करते हुए शुम्लजी की निबन्ध शैली का विवेचन कीजिए ।

2) "श्रद्धा और भक्ति' की विशेषताओं की चर्चा कीजिए ।

3) 'अन्धेर नगरी' की वस्तु की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए ।

4) 'मैला आँचल' के कथानक की विशेषताओं की चर्चा कीजिए ।

5) 'मैला आँचल' के प्रशांत का चरित्र चित्रण कीजिए ।

6) एकांकी तत्व के आधार पर 'मीना कहाँ है' की समीक्षा कीजिए ।

7) 'कस्बे का आदमी' की वस्तु पर प्रकाश डालते हुए उसमें अभिव्यक्त मानवीय संबन्धों का विवेचन कीजिए ।

8) 'अमरुद का पेड' कहानी का विश्लेषण कीजिए ।

* * *

DPA - 530

# M.A. Previous Degree Examinations
# August/September 2009
# Directorate of Correspondence Course
# (Freshers)

## HINDI LANGUAGE
## Paper - III : Hindi Sahitya Ka Itihas our Vyakaran
## हिन्दी साहित्य का इतिहास और व्याकरण

Time: 3 Hours | Max. Marks: 80

### खंड - अ

सूचना : प्रत्येक खंड में से **चार चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । छठवाँ और बारहवाँ प्रश्न अनिवार्य है । **10x3=30**

1) रासो साहित्य की प्रवृत्तियों को बताते हुए हिन्दी के प्रमुख रासों का परिचय दीजिए ।
2) हिन्दी साहित्य के आदि काल के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए ।
3) निर्गुण भक्तिधारा की प्रवृत्तियाँ लिखकर, कबीर का स्थान निर्धारित कीजिए ।
4) सूरदासजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए ।
5) हिन्दी नाटक के उद्भव और विकास पर एक लेख लिखिए ।
6) किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए । **5x2=10**

    अ) सिद्ध साहित्य   इ) बिहारी

    आ) तुलसीदास   ई) भारतेंदु हरिश्चंद्र

### खंड - आ

7) सर्वनाम की परिभाषा देते हुए उसके भेदों पर प्रकाश डालिए । **10x3=30**
8) क्रिया के कार्य और भेद पर प्रकाश डालिए ।
9) हिन्दी की लिंग व्यवस्था पर एक लेख लिखिए ।
10) काल की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए ।
11) संधि के नियमों को बताते हुए उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण समझाइए ।
12) किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए । **5x2=10**

    अ) समास   इ) संज्ञा

    आ) विशेषण   ई) अव्यय

* * *

DPA - 540

# M.A. Previous Degree Examinations
# August/September 2009
# Directorate of Correspondence Course
# (Freshers)

## HINDI LANGUAGE
## Paper - IV : Prayojanmoolak Hindi Aur Anuvad
## प्रयोजन मूलक हिन्दी और अनुवाद

Time: 3 Hours Max. Marks: 80

I. **सूचना : प्रत्येक किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **4x10=40**

1) राजभाषा के सांविधानिक स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।

2) पत्राचार के नमूनों को सोदाहरण समझाइए ।

3) टिप्पण का अर्थ एवं परिभाषा देते हुए, उसके नमूनों को दर्शाइए ।

4) कार्यालयी हिन्दी के महत्व पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए ।

5) अनुवाद का अर्थ एवं परिभाषा देते हुए, अनुवाद के विभिन्न प्रकारों का परिचय दीजिए ।

6) सिद्ध कीजिए कि अनुवाद एक कला है ।

7) किन्हीं चार पर टिप्पणी लिखिए । **5x4=20**

   1) राजभाषा आयोग एवं उसके कार्य
   2) प्रारूप
   3) भावानुवाद
   4) अनुवाद की समस्याएँ
   5) मसौदा
   6) पारिभाषिक शब्दावली

8) अंग्रेजी अथवा कन्नड से हिन्दी में अनुवाद कीजिए । **10**

Mira Bai is an outstanding figure in India's religious history. Her intense devotion to God has secured for her a place in the gallery of Indian saints. Her sincerity and strength of mind are unique and her renunciation grand. A princess by birth and marriage. She did not hesitate to throw away her rank and comforts for the sake of her faith. She composed songs for the gratification of her own heart and not for making a name a poet. As natural outpourings of her heart, They have a peculiar musical grace of their own. Mira Bai taked rank as saint first and then as a poet and singer.

अथवा

ಶ್ರೀ ರಾಮಕೃಷ್ಣರ ಏಳನೇ ವಯಸ್ಸಿನಲ್ಲಿ ಅವರ ತಂದೆ ಕಾಲವಾದರು. ಅವರು ಮೊದಲ ಬಾರಿ ತಮ್ಮ ಹತ್ತಿರದವರ ಸಾವನ್ನು ನೋಡಬೇಕಾಯಿತು. ಅಂತರ್ಮುಖಿ ಸ್ವಭಾವ ಅವರದು. ಈ ದಾರುಣ ಪೆಟ್ಟು ತಾಕಿದಾಗ ಜಗತ್ತು ನಶ್ವರವೆಂಬ ಭಾವನೆ ಉಂಟಾಯಿತು. ಅವರ ತಾಯಿಗೆ ಪತಿಯ ಅಗಲಿಕೆ ದಾರುಣ ವ್ಯಥೆಯನ್ನುಂಟು ಮಾಡಿತು. ರಾಮಕೃಷ್ಣರಿಗೆ ಇನ್ನೂ ದು:ಖವಾಯಿತು. ಆದ್ದರಿಂದ ಅವರು ಸಾಧ್ಯವಿದ್ದಷ್ಟು ತಾಯಿಯ ಹತ್ತಿರ ಇರುತ್ತಿದ್ದರು ಮತ್ತು ತಾಯಿಯನ್ನು ಸಂತೋಷವಾಗಿಡುವ ಪ್ರಯತ್ನ ಮಾಡುತ್ತಿದ್ದರು.

9) अंग्रेजी अथवा कन्नड में अनुवाद कीजिए । **10**

आम लोगों की सुविधा के लिए बैंकों में अनेक प्रकार के खाते हैं । इनमें मुख्य है बचत खाता और चालू खाता । निश्चित आय पानेवाले मधमवर्गीय लोगों को बचत खाते से बडा लाभ होता है । वे लाभांश को बैंक में रख सकते हैं । चालू खाते का लाभ व्यापारियों को होता है । बैंकों में जमा की आकर्षक योजनाएँ हैं । इनसे आम जनता का बडा लाभ होता है ।

* * *